क्लीन एनर्जी को बढ़ावा, चलाई जाएंगी ईवी बसें

20 एसी बसें मिलीं, अयोध्या से 250 किमी. रेंज में होगा संचालन

महाकुंभ के अवसर पर भी अयोध्या से ईवी चलाने की योजना

■ एनबीटी, अयोध्या

रामजन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को भगवान रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में रोजाना लाखों श्रद्धालुओं का आना जारी है। ऐसे में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात की सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए ईवी बसें चलाई जा रही हैं। प्रथम चरण में अयोध्या से विभिन्न शहरों के लिए 20 एसी बसें चलेंगी।

सुकून भरी होगी यात्रा

रोडवेज के एआरएम आदित्य प्रकाश के मुताबिक सरकार की मंशा है कि अयोध्या को प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों से जोड़ा जाए, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्रा सुगम बन सके। परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसके लिए सरकार ने अयोध्या से 200 से 250 किमी की दूरी वाले शहरों व धार्मिक स्थलों तक एसी बस चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रथम चरण में 20 एसी बसें अभी संचालित की जाएंगी। महाकुंभ मेले में अयोध्या से इसी प्रकार की और अधिक बसें संचालित होने की भी उम्मीद है।

यहां के लिए बसें चलेंगी

- प्रयागराज
- सुलतानपुर
- अंबेडकर नगर
- बस्ती
- अमेठी
- वाराणसी
- गोरखपुर
- लखनऊ
- गोंडा
- बाराबंकी

अक्टूबर में अयोध्या के लिए दो विशेष ट्रेन

■ **एनबीटी, अयोध्या :** त्योहारों अक्टूबर में रेलवे ने धार्मिक स्थलों के विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय किया है। इसमें अयोध्या के लिए दिल्ली के आनंद विहार से अयोध्या कैंट के लिए सप्ताह में तीन दिन विशेष ट्रेन चलेगी। दूसरी विशेष ट्रेन जोधपुर से मऊ तक चलेगी। इसका स्टॉपेज अयोध्या कैंट भी रखा गया है। आनंद विहार से अयोध्या की विशेष ट्रेन 7 अक्टूबर से सोमवार बुधवार व शुक्रवार को चलेगी। अयोध्या से 8 अक्टूबर से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को आनंद विहार टर्मिनल के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन 18 नवंबर तक संचालित होगी। दूसरी विशेष ट्रेन जोधपुर से मऊ तक की है जो अयोध्या में भी रुकेगी। इसका आगमन साप्ताहिक होगा, जो 6 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक हर रविवार को जोधपुर से चलेगी। मऊ से वापसी हर मंगलवार को होगी। मऊ से इसका संचालन हर मंगलवार को 26 नवंबर तक चलेगा।

आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या कैंट व जोधपुर से मऊ की विशेष ट्रेनें